2021

HINDI — HONOURS

Paper : CC-5

(Chhayavadottar Hindi Kavita)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखें : 2×10

(क) नागार्जुन किस धारा के कवि थे? उनका पूरा नाम क्या था?

(ख) 'ये उपमान मैले हो गये हैं' – कहते हुए कवि ने अपनी प्रेयसी को किन-दो नवीन उपमानों से सम्बोधित किया है?

(ग) गिरिजा कुमार माथुर द्वारा रचित किन्हीं दो काव्य-संग्रहों के नाम बताइए।

(घ) केदारनाथ अग्रवाल को किस रचना पर किस वर्ष साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया?

(ङ) 'एक भारतीय आत्मा' किस कवि को कहा जाता है? उनकी किसी एक प्रमुख रचना का नाम बताइए।

(च) 'रश्मिरथी' के अतिरिक्त दिनकर रचित किन्हीं दो काव्य-कृतियों के नाम बाताइए।

(छ) 'सभी मौन थे सभी निहत्थे
सभी जानते थे यह, उस दिन उसकी हत्या होगी।'
–पंक्तियाँ किस कविता की हैं तथा उसके रचनाकार कौन हैं?

(ज) भवानी प्रसाद मिश्र किस सप्तक के कवि हैं? उनके किसी एक काव्यसंग्रह का नाम लिखिए।

(झ) "झपटता बाज, फन उठाए सँाप, दो पैरों पर खड़ी, कँाटो से नन्हीं पत्तियँा खाती बकरी"– पंत्तियँा किस कविता की हैं? किसके द्वारा रचित हैं?

(ञ) भवानी प्रसाद मिश्र को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस रचना पर किस वर्ष मिला था?

2. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 5×3

(क) 'अकाल और उसके बाद'– कविता की मूल-संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ख) माखनलाल चतुर्वेदी की राष्ट्रीय चेतना पर विचार कीजिए।

(ग) अज्ञेय की प्रतीक योजना पर प्रकाश डालिए।

(घ) गिरिजाकुमार माथुर की कविताओं में वर्णित मानवीय संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'कठपुतली' कविता की मूल-संवेदना स्पष्ट कीजिए।

Please Turn Over

3. निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए : 10×3

(क) भवानी प्रसाद मिश्र की काव्य-संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ख) "रघुवीर सहाय पीड़ितों की क्रांति को स्वर देते हैं" – कथन की युक्तियुक्त पुष्टि कीजिए।

(ग) केदारनाथ अग्रवाल प्रगतिशील विचारधारा के प्रतिनिधि कवि हैं – स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'रश्मिरथी' के आधार पर कर्ण के चरित्र का मूल्यांकन कीजिए।

(ङ) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना की कविता में मुखरित व्यंग्य का विश्लेषण कीजिए।